गोली कांड | नौकरी दिलाने के दबाव को लेकर विवाद, तीन के खिलाफ मामला दर्ज

# खदान कंपनी में दिनदहाड़े फायरिंग

**अनूपपुर, नवभारत 9 जून।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम खांड़ा स्थित रामपुर बटुरा खदान क्षेत्र में संचालित जय अम्बे इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय में रविवार को हुए गोलीकांड ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी थी।

कंपनी के एक कर्मचारी को निशाना बनाकर कथित तौर पर गोली चलाई गई, लेकिन सुरक्षा गार्ड की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया और कर्मचारी की जान बच गई। घटना के बाद कार्यालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मामले में कोतवाली पुलिस ने पप्पू विश्वकर्मा पिता गोविंद प्रसाद विश्वमकर्मा, मिथलेश चर्मकार उर्फ लक्की पिता रामनरेश विश्वचकर्मा और श्रीराम विश्वकर्मा पिता गोविंद प्रसाद के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।



### नौकरी दिलाने के दबाव से शुरू हुआ विवाद

पुलिस को दी गई शिकायत में कंपनी के टाइमकीपर अमन सिंह ने बताया कि कंपनी में कार्यरत हेल्पर पप्पू विश्वकर्मा और मिथलेश चर्मकार पिछले कई दिनों से अपने परिचित 8 से 10 लोगों को नौकरी पर रखने के लिए दबाव बना रहे थे। कंपनी प्रबंधन द्वारा उनकी मांग पूरी न किए जाने पर दोनों कर्मचारियों और अधिकारियों को लगातार धमकियां दे रहे थे। शिकायत के अनुसार 7 जून की सुबह भी दोनों आरोपियों ने कार्यालय परिसर में अमन सिंह के साथ गाली-गलौज की और धमकी दी। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी आलोक त्रिपाठी ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन विवाद पूरी तरह खत्म नहीं हुआ।

### कार्यालय में घुसकर किया हंगामा

दोपहर करीब 3 बजे जब कार्यालय में कर्मचारी लंच के बाद चर्चा कर रहे थे, तभी पप्पू विश्वकर्मा, मिथलेश चर्मकार और श्रीराम विश्वकर्मा वहां पहुंचे। आरोप है कि तीनों ने कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए फिर से नौकरी देने की मांग दोहराई। इसी दौरान माहौल अचानक तनावपूर्ण हो गया।

### सुरक्षा गार्ड की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

आरोप है कि श्रीराम विश्वकर्मा ने देशी कट्टा निकालकर अमन सिंह पर तान दिया और फायर कर दिया। गोली चलने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे सुरक्षा गार्ड ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए आरोपी को धक्का दे दिया। गार्ड की इसी सतर्कता के कारण गोली अमन सिंह को नहीं लगी और कार्यालय के फर्श में जा धंसी। घटना के बाद कर्मचारियों में दहशत फैल गई। मौके पर मौजूद कर्मचारियों और अन्य लोगों ने किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद तीनों आरोपी कथित रूप से जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर अलंकृता महिला समिति ने किया पौधरोपण

**भालूमाड़ा, नवभारत 9 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर जमुना कोतमा क्षेत्र की अलंकृता महिला समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण के संवर्धन के उद्देश्य से 5 जून को वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम श्रद्धा महिला मंडल, एस.ई.सी.एल. बिलासपुर की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन एवं उपाध्यक्षाओं द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यों से प्रेरणा लेकर आयोजित किया गया।

अलंकृता महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती किशोरी त्रिपाठी के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान के अंतर्गत वी.आई.पी. गेस्ट हाउस भालूमाड़ा, गोविंदा उपक्षेत्र, आमाडांड उपक्षेत्र एवं बरतराई उपक्षेत्र में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। वृक्षारोपण के दौरान जामुन, अंजीर, चिकू, इमली, आम, अमरूद सहित अनेक फलदार एवं पर्यावरण हितैषी पौधे लगाए गए।





# पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

### हैंडपंप सुधार के बाद समाप्त हुआ प्रदर्शन

**अनूपपुर, नवभारत 9 जून।** जिले के पुष्पराजगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पोडंकी में पेयजल संकट से परेशान ग्रामीणों ने मंगलवार को राजेंद्रग्राम-अमरकंटक मुख्य मार्ग पर सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों की मांग थी कि गांव में पिछले 15 दिनों से खराब पड़े हैंडपंप की तत्काल मरम्मत कराई जाए तथा पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए एक और हैंडपंप लगाया जाए। जानकारी के अनुसार गांव में स्थापित एकमात्र हैंडपंप खराब होने से लगभग 30 से 35 परिवारों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने कई बार संबंधित विभाग को समस्या से अवगत कराया, लेकिन समय पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे नाराज ग्रामीणों ने सुबह खाली बर्तन और बाल्टियां सड़क पर रखकर राजेंद्रग्राम-अमरकंटक मार्ग को अवरुद्ध कर दिया।

सड़क जाम के कारण मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात कई घंटों तक प्रभावित रहा। सूचना मिलने पर पुष्पराजगढ़ तहसीलदार, पुलिस प्रशासन तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों की मौजूदगी में पीएचई विभाग द्वारा खराब हैंडपंप की तत्काल मरम्मत कराई गई। हैंडपंप चालू होने के बाद ग्रामीणों ने अपना आंदोलन समाप्त कर सड़क से जाम हटाया।

पीएचई विभाग के एसडीओ दीपक साहू ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि गांव में जल्द ही एक अतिरिक्त हैंडपंप स्थापित किया जाएगा, जिससे भविष्य में पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो। ग्रामीणों ने बताया कि हैंडपंप खराब होने के कारण पिछले 15 दिनों से उन्हें निजी बोरवेलों से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा था। उनका कहना है कि विभाग को पूर्व में सूचना देने के बावजूद समस्या के समाधान में देरी हुई, जिसके चलते उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा।

# बेटियों को आत्मरक्षा के सिखाये गुर



### कोतमा में 'सेल्फ डिफेंस कैंप' का आगाज

**कोतमा, नवभारत 9 जून।** महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए वार्ड नंबर 10 के पूर्व पार्षद देवशरण सिंह के नेतृत्व में रविवार, 15 मार्च 2026 की सुबह से एक विशेष 'सेल्फ डिफेंस कैंप' (आत्मरक्षा शिविर) की शुरुआत की गई है। इस शिविर का आयोजन महिला बाल विकास कार्यालय के पास, 'कोतमा मार्शल आर्ट खेल एवं कला एकेडमी' के माध्यम से किया जा रहा है।

### शिविर का मुख्य उद्देश्य

इस प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य नगर की बेटियों को न केवल शारीरिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है, बल्कि उन्हें मानसिक रूप से भी मजबूत और सशक्त करना है, ताकि वे किसी भी विपरीत परिस्थिति का सामना निडरता से कर सकें।

### सभी बेटियां ले सकती हैं लाभ

आयोजकों के अनुसार, इस कैंप में नगर की समस्त बेटियां हिस्सा ले सकती हैं और आत्मरक्षा की आधुनिक तकनीकों को सीख सकती हैं।

**इनका कहना है**

'आज के समय में बेटियों का आत्मनिर्भर और सुरक्षित होना बेहद जरूरी है। यह कैंप हमारी बेटियों में आत्मविश्वास भरने और उन्हें मानसिक रूप से सशक्त बनाने का एक प्रयास है।

**देवशरण सिंह**
**पूर्व पार्षद ( वार्ड 10 )**

## तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर आयोजित करेगा नगर निगम

**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन की पहल पर पात्र हितग्राहियों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने के लिए नगर निगम द्वारा तीन दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। भंवरताल के संस्कृति थिएटर में दिनांक 15 जून से 17 जून तक तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस त्रि-दिवसीय शिविर का मुख्य उद्देश्य एक ही छत के नीचे शहर के सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी और हितग्राही-मूलक योजनाओं से जोड़कर उन्हें लाभांवित करना है।

# आवासीय क्षेत्र में कबाड़ के ढेर से स्वच्छता अभियान को लगा पलीता

### नियमों को ताक पर रख कर हो रहा संचालन

**कोतमा, नवभारत 9 जून।** मध्य प्रदेश नगरपालिका अधिनियम और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नियमों को ताक पर रखकर कोतमा नगर पालिका के वार्ड नंबर 6 में आवासीय क्षेत्र के भीतर कबाड़ का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है। यह स्थिति तब है जब कुछ ही महीनों पहले नगर पालिका परिषद कोतमा द्वारा यहाँ लाखों रुपए की लागत से नई सीसी रोड का निर्माण कराया गया था, ताकि आम जनता को आवागमन में सुविधा हो सके। लेकिन आज उसी नई सड़क के किनारे कबाड़ और कचरे का अंबार लगा हुआ है, जिससे स्थानीय निवासियों और राहगीरों का जीना मुहाल हो गया है।



### दावों की खुली पोल

यह पूरा मामला वार्ड नंबर 6 स्थित शिशु भारती स्कूल के ठीक पीछे का है। एक तरफ जहाँ नगर पालिका कोतमा द्वारा शहर को स्वच्छ रखने के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर स्कूल के पास और रिहायशी इलाके में लगा यह कचरे का ढेर नगर पालिका के दावों की जमीनी हकीकत बयां कर रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क के किनारे लगे इस अंबार को देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानो इस अवैध संचालन को नगर पालिका का मूक संरक्षण प्राप्त हो।

### क्या कहते हैं नियम?

कबाड़ संचालन और आवासीय क्षेत्रों को लेकर कानूनी और प्रशासनिक नियम बेहद स्पष्ट हैं, जिनका यहाँ खुला उल्लंघन होता दिख रहा है। क्या आवासीय क्षेत्र में कबाड़ का संचालन किया जा सकता है? मप्र नगरपालिका अधिनियम के तहत आवासीय क्षेत्रों में व्यावसायिक या ऐसी गतिविधियां जो जनस्वास्थ्य के लिए हानिकारक हों, पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। कबाड़ की दुकानों को केवल औद्योगिक या निर्धारित व्यावसायिक क्षेत्रों में ही संचालित करने की अनुमति होती है।क्या अनापत्ति प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं होती? आवासीय क्षेत्र में किसी भी प्रकार के कबाड़ गोदाम या दुकान के संचालन के लिए स्थानीय निवासियों और पड़ोसियों से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य होता है। यदि स्थानीय जनता को इससे परेशानी है, तो ऐसा संचालन पूरी तरह अवैध माना जाता है।


## एक नजर में



### युवक व नाबालिगा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**अनूपपुर, नवभारत 9 जून।** कोतवाली थाना क्षेत्र में मंगलवार को दो अलग-अलग घटनाओं में एक युवक एवं एक नाबालिग बालिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों मामलों के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों का पंचनामा तैयार किया तथा पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है।पहली घटना ग्राम पंचायत पसला के चरतरिहा टोला की है, जहां 45 वर्षीय मिठाईलाल उर्फ मिट्ठू ने अपने घर के अंदर अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।वहीं दूसरी घटना ग्राम पंचायत औढ़ेरा के जल्दाटोला स्थित जंगल की है। यहां समनू बैगा की 16 वर्षीय पुत्री ने जंगल में एक पेड़ पर रस्सी और दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी सरपंच पति जयपाल सिंह तथा सामाजिक कार्यकर्ता शशिधर अग्रवाल को दी, जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई की और साक्षियों के बयान दर्ज किए। इसके बाद शव को जिला अस्पताल अनूपपुर भेजकर पोस्टमार्टम कराया गया तथा अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया।परिजनों एवं ग्रामीणों के अनुसार, नाबालिग बालिका एक अन्य बच्ची के साथ दिशा-मैदान और सूखी लकड़ी लेने जंगल गई थी। इसी दौरान लोगों ने उसे पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका हुआ देखा। घटना के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो सका है। कोतवाली पुलिस दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

# जनसुनवाई में 82 आवेदनों की सुनवाई



### अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश

**अनूपपुर, नवभारत 9 जून।** जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित किया गया। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने आम नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए कुल 82 आवेदन पत्रों पर सुनवाई की तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर कमलेश पुरी, एसडीएम अनूपपुर प्राशी अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने आवेदकों की समस्याएं सुनकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। जनसुनवाई में विभिन्न प्रकार की समस्याएं सामने आईं। ग्राम कोठी निवासी अभय सिंह ने ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र बनाए जाने, जैतहरी निवासी पुरुषोत्तम दास वर्मा ने नक्शा तरमीम कराने, ग्राम परसवार निवासी धना सिंह गोंड़ ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने तथा ग्राम खाटी निवासी कुवर सिंह ने भूमि सीमांकन कराने की मांग की।

इसी प्रकार ग्राम रेउला निवासी विष्णु सिंह उइके ने वनाधिकार अधिनियम के तहत पट्टा प्रदान करने, ग्राम अचलपुर निवासी राजेन्द्र कुमार संत ने घरेलू विद्युत सप्लाई वायर को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कराने, बिजुरी निवासी ऊषा बंसल ने सड़क दुर्घटना में पति की मृत्यु के बाद सहायता राशि दिलाने तथा ग्राम गिरवी निवासी प्रेम सिंह गोंड़ ने भूमि बंटवारे संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया।

इसके अलावा नगर परिषद बनगवां निवासी महेश कुमार ने आयुष्मान कार्ड बनवाने तथा ग्राम झाईताल निवासी रवि यादव ने पिता की आकस्मिक मृत्यु के बाद संबल योजना के तहत सहायता राशि दिलाने की मांग को लेकर आवेदन दिया। सीईओ अर्चना कुमारी ने सभी आवेदनों पर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई कर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने तथा समस्याओं का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर पहुंचे।

## महिला सेवादल कार्यकर्ताओं से संवाद

**अनूपपुर, नवभारत 9 जून।** मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल की प्रदेश महिला अध्यक्ष संगीता कांकरिया 11 जून को संगठनात्मक प्रवास के तहत अनूपपुर पहुंचेंगी। उनके आगमन को लेकर कांग्रेस सेवादल एवं महिला सेवादल के पदाधिकारियों ने तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। कांग्रेस सेवादल अनूपपुर के जिलाध्यक्ष डॉ. एहसान अली अंसारी एवं महिला सेवादल की जिलाध्यक्ष संध्या वर्मा ने बताया कि प्रदेश महिला अध्यक्ष सुबह 11 बजे राजीव भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में महिला सेवादल की बैठक लेंगी। बैठक में जिले की महिला कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से परिचयात्मक चर्चा के साथ संगठन के विस्तार, मजबूती और आगामी गतिविधियों को लेकर विस्तृत संवाद किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार महिला सेवादल को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने एवं महिलाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। बैठक में संगठनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन के साथ कार्यकर्ताओं के सुझाव भी लिए जाएंगे। जिलाध्यक्ष डॉ. एहसान अली अंसारी ने जिले के सभी सेवादल, महिला सेवादल एवं यंग ब्रिगेड के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश महिला अध्यक्ष का यह दौरा संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेगा।





# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूर्ण

### 492 गर्भवती महिलाओं की जांच, 64 हाई रिस्क प्रेग्नेंसी चिन्हित

**अनूपपुर, नवभारत 9 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर अनूपपुर जिले में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से संचालित इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में गर्भवती महिलाओं को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अब एक्सटेंडेड प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को प्रत्येक माह की 9 तारीख के साथ-साथ 25 तारीख को भी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर तथा वीएचएसएनडी स्तर तक सेवाओं का विस्तार किया गया है, जिससे अधिक से अधिक महिलाओं को समय पर जांच और उपचार की सुविधा मिल सके।विशेष शिविरों में प्रशिक्षित चिकित्सा अधिकारियों, महिला चिकित्सकों एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों की देखरेख में गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, सोनोग्राफी, टीकाकरण और स्तनपान संबंधी परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उनके लिए विशेष चिकित्सकीय निगरानी और उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। महिलाओं को संतुलित आहार, स्वच्छता, नियमित व्यायाम तथा गर्भावस्था के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की भी जानकारी दी गई।अभियान के तहत जिलेभर में आयोजित शिविरों में 492 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई।

भ्रष्टाचार | यारी नं. 1 के महाघोटाले पर बड़े अफसरों की चुप्पी

# जनपद सीईओ अपनी वैधानिक जिम्मेदारी भूल चुके ..?

**जमुना कोतमा, नवभारत 9 जून।** किसी भी जिले के प्रशासनिक मुखिया और जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (CEO) की कुर्सी इसलिए होती है ताकि वे शासकीय धन के दुरुपयोग को रोकें और जनता के हक की रक्षा करें। लेकिन जनपद पंचायत अनूपपुर की ग्राम पंचायत पयारी नंबर 1 में चल रहा 'सेग्रेगेशन शेड घोटाला' यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या इन बड़े अधिकारियों को अपने पद की गरिमा और कर्तव्यों का जरा भी अहसास है? वर्ष 2021-22 में स्वीकृत हुए आजीविका वर्क शेड (वर्क कोड: 1746002039/AV/22012034609774) में हुए खुलेआम भ्रष्टाचार की फाइलें जिला और जनपद सीईओ की मेज पर धूल खा रही हैं। सब कुछ जानते हुए भी इन शीर्ष अधिकारियों द्वारा कार्रवाई न करना अब सीधे तौर पर उनकी प्रशासनिक निष्पक्षता और कर्तव्यनिष्ठा पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।



इस पूरे मामले में 4 लाख 8 हजार रुपये की सामग्री और 57 हजार 332 रुपये की लेबर राशि का खेल तो हुआ ही, लेकिन सबसे शर्मनाक पराकाष्ठा वर्ष 2022 में देखी गई। मौके पर बिना एक भी एल्युमिनियम शीट लगाए, शेड छाने के नाम पर 91 हजार 772 रुपये और वॉशर के नाम पर 8 हजार 80 रुपये का फर्जी बिल लगाकर सरकारी खजाना साफ कर दिया गया। जब धरातल पर शेड आज भी नंगा खड़ा है, तो यह सवाल सीधे जिला और जनपद सीईओ से है कि वे किस नियम के तहत इस डकैती को मूक सहमति दे रहे हैं? क्या मध्य प्रदेश सिविल सेवा आचरण नियमों के तहत भ्रष्टाचार को देखकर भी आँखें मूंद लेना 'कदाचार' और 'कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही' की श्रेणी में नहीं आता? इस महाघोटाले में फर्जी मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार करने वाली सब-इंजीनियर मैडम को अधिकारियों का जो संरक्षण मिल रहा है।

### बड़े अफसर अपनी कुंभकर्णी नींद में

जिला पंचायत सीईओ और जनपद सीईओ को यह याद रखना होगा कि लोक सेवक के रूप में उनकी जवाबदेही सिर्फ फाइलों को दबाने की नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत त्वरित कार्रवाई करने की है। यदि वे इस खुलेआम फर्जीवाड़े पर तत्काल जांच कमेटी गठित कर दोषियों से रिकवरी और प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कराने का साहस नहीं दिखाते, तो उनकी यह निष्क्रियता 'भ्रष्टाचार में सह-अपराधी' होने जैसी ही मानी जाएगी। ग्रामीणों ने अब तय कर लिया है कि यदि जिला स्तर के ये बड़े अफसर अपनी कुंभकर्णी नींद से नहीं जागे, तो इस पूरे मामले की शिकायत, साक्ष्यों और अधिकारियों की निष्क्रियता के प्रमाणों के साथ सीधे राज्य लोकायुक्त, आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (EOW) और उच्च न्यायालय में की जाएगी।

## नेत्रदान- महादान से दूर हो सकता है अंधकार : डॉ. जनक

**अनूपपुर, नवभारत 9 जून।** विश्व नेत्रदान दिवस 10 जून के अवसर पर जिला चिकित्सालय अनूपपुर में पदस्थ नेत्र सर्जन डॉ. जनक सारीवान ने नागरिकों से मृत्यु उपरांत नेत्रदान करने तथा समाज में इसके प्रति व्यापक जागरूकता फैलाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नेत्रदान एक ऐसा महादान है, जिससे किसी दृष्टिहीन व्यक्ति के जीवन में फिर से उजाला लाया जा सकता है। डॉ. सारीवान ने बताया कि भारत में वर्तमान में लगभग 11 लाख लोग कॉर्नियल ब्लाइंडनेस (पारदर्शी पुतली के अंधेपन) से पीड़ित हैं तथा हर वर्ष 20 से 25 हजार नए मरीज इस श्रेणी में जुड़ जाते हैं। अनूपपुर जिले में भी यह समस्या गंभीर है। जिला चिकित्सालय में प्रतिवर्ष 100 से 150 मरीज कॉर्नियल अंधत्व से संबंधित उपचार के लिए पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि स्थानीय भाषा में आंखों में सफेदी आना या फूली पड़ जाना के नाम से पहचानी जाने वाली यह बीमारी मुख्य रूप से आंखों में चोट लगने, संक्रमण तथा विटामिन-ए की कमी के कारण होती है।


## कार्यालय नगर परिषद जैतहरी जिला अनूपपुर (म.प्र.)

क्रं./558/न.परि./ई-टेन्ड./ लोक. नि./2026 E-mail-cmojaithari@mpurban.gov.in जैतहरी दिनांक :- 09/06/2026

**ई - निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा नगर परिषद जैतहरी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ONLINE) निविदा आमंत्रित करती है उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईड https://mptenders.gov.in/ देखी जा सकती है।

| क्रं. | ऑन लाईन टेंण्डर नम्बर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रुपए में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मुल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01. | 2026_UAD_514068_1 | Rejuvination Beautification of Banjari talab ward 04 Rani talab ward 15 | 9,33,619/- | 9,337/- | 2000/- | 02 माह |

1. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करनें का दिनांक 09/06/2026 समय सुबह 10:30 बजे से 24/06/2026 समय शाम 17:30 तक क्रय की जा सकती है। 2. विस्तृत निविदा विज्ञप्ति टेंण्डर एवं अन्य दस्तावेज देखने एवं डाउनलोड करनें के लिए वेबसाईड पर सुविधा उपलब्ध है अधिक जानकारी के लिए https://mptenders.gov.in/ देखी जा सकती है। 3. निविदाकार टेण्डर डालने के पूर्व उपरोक्तानुसार स्थल का निरीक्षण कर सकते है। 4. निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए समाचार पत्र पर प्रकाशन नही किया जावेगा निविदा के संशोधन की जानकारी https://mptenders.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद् जैतहरी जिला - अनूपपुर (म.प्र.)